PUBLICATION NAME : Haribhumi

EDITION : Bhopal

DATE : 20-11-2021

PAGE : 10

संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान को मिला विशिष्टता केंद्र का दर्जा

नई दिल्ली • भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय से विशिष्टता केंद्र का दर्जा मिला है। संस्थान ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अहमदाबाद के इस संस्थान ने कहा कि उसने किगाली में रवांडा, भारत उद्यमिता विकास केंद्र स्थापित किया है, जिसका दोनों देशों की सरकारों के बीच व्यवस्था के तहत 15 नवंबर को उद्घाटन हुआ है। ईडीआईआई के महानिदेशक सुनील शुक्ला ने कहा कि आगामी वर्षों में रवांडा का केंद्र समूचे अफ्रीका में उद्यमिता के प्रसार के लिए गेटवे की भूमिका निभाएगा। शुक्ला ने कहा कि विशिष्टता केंद्र के रूप में ईडीआईआई सरकार द्वारा उद्यमिता और कौशल विकास के प्रसार के लिए दिशानिर्देश बनाने में मदद करेगा।